कोटद्वार, रविवार
28 सितम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 142 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### छात्रों से कार धुलाने के आरोप में शिक्षक निलंबित

चमोली : छात्रों से निजी कार धुलवाने के आरोप में चमोली गढ़वाल के थराली स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार (गोविंठा) के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है। कार धुलवाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई। जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा धर्म सिंह रावत ने बताया कि सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी पर लगे आरोपों को देखते हुए निलंबित कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि तिवाड़ी का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इसमें वह जूनीधार स्कूल के छात्रों से अपनी निजी कार की धुलवा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन आदेश में कहा है कि वीडियो वायरल होने से विभाग की छवि धूमिल होने के साथ ही अध्यापक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंची है। विद्यालय अवधि में निजी कार्य करवाने की वजह से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित हुई है। यह कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। निलंबित शिक्षक तिवाड़ी को उप शिक्षा अधिकारी थराली से अटैच कर दिया गया है। प्रभारी जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने भी मुख्य शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने खुद भी 26सितंबर को यह वीडियो सोशल मीडिया में देखा। इसमें स्कूल परिसर के पास सड़क किनारे खड़ी कार को स्कूली बच्चों से धुलवाते खुद शिक्षक बात करते हुए देखे जा रहे हैं। (एजेंसी)

### निर्माणाधीन पुल हादसे में दो दोषियों को हुई सजा

रुद्रप्रयाग : जनपद में बदरीनाथ हाईवे पर नरकोटा स्थित निर्माणाधीन पुल दुर्घटना मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी की अदालत ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाया। आरसीसी कंपनी द्वारा बनाए जा रहे इस पुल के वर्ष 2022 में गिरने से कई मजदूर घायल हुए थे, जबकि कुछ की मौत हो गई थी। घटना के बाद दर्ज मुकदमे में आरोपी ज्योति प्रकाश शर्मा और मुकेश गुप्ता को न्यायालय ने दोषी पाया है। शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 337 में छह-छह माह कठोर कारावास और 500-500 रुपये जुर्माना, धारा 338 में दो-दो वर्ष का कारावास और 1000-1000 रुपये जुर्माना तथा धारा 304ए में दो-दो वर्ष का कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं पृथक-पृथक चलेंगी। जुर्माना न चुकाने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से मामले की प्रभावी पैरवी अभियोजन अधिकारी प्रमोद चन्द्र आर्य ने की। अदालत ने टिप्पणी की कि यह प्रकरण जनहित एवं लोक महत्व से जुड़ा है, निर्माणाधीन पुल गिरने से जान-माल की अपूरणीय क्षति हुई थी। (एजेंसी)

### गंगा में बहकर आया अज्ञात युवक का शव, हाथ में मिला टैटू

हरिद्वार। रानीमाजरा में गंगा नदी किनारे शनिवार को अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक 112 डायल पर सूचना मिली थी कि गंगा नदी में एक शव बहकर किनारे आया है। मौके पर पहुंची टीम ने शव को बाहर निकाला। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है और शव एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। जांच में मृतक के दाहिने हाथ पर अरविंद नाम का टैटू गुदा हुआ पाया गया। फेरुपुर चौकी प्रभारी अशोक सिरसवाल ने बताया कि शव पानी में बहकर रानीमाजरा तक आया है। शिनाख्त कराने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस अब आसपास के थानों में गुमशुदगी की जानकारी खंगाल रही है।

### हरकी पैड़ी पर सीएम के दौरे से पहले कांग्रेस का हंगामा, कई नेता हिरासत में

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को स्वदेशी अपनाने और जीएसटी की नवीन दरों के प्रचार–प्रसार के लिए हरकी पैड़ी बाजार पहुंचे। उन्हें काले झंडे दिखाने को जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पुलिस लाइन रोशनाबाद भेज दिया। महानगर कांग्रेस की योजना सीएम को काले झंडे दिखाने की थी। सीएम के आने की सूचना पर कार्यकर्ता अपर रोड पर बड़ी सब्जी मंडी से नारेबाजी कर मोती बाजार मार्ग से हरकी पैड़ी की ओर कूच करने लगे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया पवित्र छड़ी यात्रा का शुभारंभ

## • पवित्र छड़ी यात्रा धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं हमारी सनातन संस्कृति की व्यापकता का जीवंत प्रमाण है : मुख्यमंत्री





देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को तीर्थ नगरी हरिद्वार से पवित्र छड़ी यात्रा को अधिष्ठात्री माया देवी मंदिर के प्रांगण से वैदिक विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ उत्तराखंड के चारों धामों के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पवित्र छड़ी को रवाना करने से पूर्व पवित्र छड़ी का अभिषेक करते हुए माया देवी मंदिर में महामाया देवी की पूजा अर्चना भी की तथा सभी संतगणों का माल्यार्पण कर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा प्रारंभ की गई पवित्र छड़ी यात्रा में सम्मिलित होना अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा आठवीं शताब्दी में आदि गुरू ने संपूर्ण भारतवर्ष में अद्वैत वेदांत का संदेश फैलाने का जो महान कार्य किया, उसकी गूंज आज भी हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है। उन्होंने कहा पवित्र छड़ी की पूजा–अर्चना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं बल्कि ये हमारी सनातन संस्कृति की व्यापकता का जीवंत प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा ये यात्रा उत्तराखंड की अद्भुत विविधता और एकता का भी प्रतीक है क्योंकि कुमाऊं से गढ़वाल तक, ऊंचे हिमालय से लेकर गंगा–यमुना के तराई क्षेत्रों तक, हर जगह यह पवित्र छड़ी हमें जोड़ती है। जब ये छड़ी हमारे पहाड़ों, वनों, नदियों और घाटियों से गुजरती है, तो ऐसा लगता है मानो स्वयं माता भगवती और भगवान शंकर हमारे साथ चल रहे हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 70 वर्ष पूर्व कतिपय कारणों से पवित्र छड़ी यात्रा का संचालन अवरूद्ध हो गया था, परन्तु 2019 में श्रीमहंत हरिगिरि महाराज के अथक प्रयासों से ये यात्रा पुनः प्रारंभ हुई।

उन्होंने कहा कि हमारे संतो का बद्री केदार क्षेत्र के साथ ही अन्य सीमांत क्षेत्रों में रोजगार, स्वरोजगार के साथ आर्थिक विकास की सोच को आगे बढ़ाने के साथ ही समाज के समग्र विकास की चिंता करना, हर किसी के जीवन में बदलाव लाने की सोच रखना बडी बात है, जहां ऐसी सोच के साथ संत निवास करते है, उस समाज व देश को आगे बढने, नई पहचान दिलाने से कोई रोक नही सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ–साथ सनातन संस्कृति के संरक्षण और पुनरुत्थान का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ केवल अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि ये हमारे आचरण, हमारे कर्म और हमारी जीवनशैली में झलकना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में काशी विश्वनाथ, महाकाल लोक, बद्रीनाथ, केदारनाथ आदि धामों के पुनर्निर्माण के साथ– साथ अयोध्या में भगवान राम के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण इसका स्पष्ट प्रमाण है। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री जी ने ही प्रथम ध्वजवाहक बनकर आदि कैलाश यात्रा को पूरे विश्व में प्रसिद्धि दिलाने का काम भी किया है।


प्रधानमंत्री ने माणा के साथ देश के सीमांत गांवों को पहला गांव बनाया है। घोस्ट विलेजों के विकास के लिए वाइब्रेट विलेज योजना के माध्यम से विकास के नये द्वार खोले जा रहे है। प्रधानमंत्री जी ने 17500 फुट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश की यात्रा कर इसे नई पहचान दिलाई है आज हजारों लोग यहां आ रहे हैं। 2014 से पहले तक तिब्बत से जुड़े सीमांत क्षेत्रों में सड़क नहीं बनाई जाती थी। आज तिब्बत सीमा तक सड़कों का तेजी से निर्माण हो रहा है कैलाश के दर्शन भारत भूमि से हो रहे हैं। नाबीढांग, गुंजी, व्यास, चौंदास, दारमा, नेलांग, जादुंग क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हरिद्वार–ऋषिकेश कॉरिडोर के निर्माण के बाद धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की भांति अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी। वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ का आयोजन भी होना है, इसकी अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ को भव्य व दिव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिये जा रहे है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार के विकास की जो भी योजनायें बनाई जायेंगी उसमें स्थानीय लोगों की सहमति का ध्यान रखा जाएगा। हरिद्वार धर्म नगरी है इसके भव्य स्वरूप देश दुनिया के सामने आये इसके भी प्रयास किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप बना रहे इसके लिए ऑपरेशन कालनेमि जैसे धर्म के मार्ग को अवरूद्ध करने वाले कारणों को दूर करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा।

# अब हर साल नहीं, 2 साल का होगा संसदीय समितियों का कार्यकाल

## सरकार ला रही है नया प्रस्ताव



नई दिल्ली , संसद के कामकाज को और प्रभावी बनाने के लिए एक बड़े सुधार की तैयारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार, संसदीय स्थायी समितियों का कार्यकाल एक साल से बढ़ाकर दो साल किया जा सकता है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य समितियों को विधेयकों, रिपोर्टों और नीतिगत मामलों की गहराई से जांच करने के लिए अधिक समय और निरंतरता प्रदान करना है।

मौजूदा समितियों का कार्यकाल 26 सितंबर को समाप्त हो गया है और अब नए पुनर्गठन में इस नियम को लागू किए जाने की संभावना है। अभी तक इन समितियों का हर साल पुनर्गठन किया जाता है। विपक्ष समेत कई सांसदों का मानना है कि एक साल का कार्यकाल किसी भी विषय के गहन अध्ययन के लिए अपर्याप्त होता है। कार्यकाल बढ़ाए जाने से समितियां अधिक फोकस और विशेषज्ञता के साथ काम कर सकेंगी। ये समितियां संसद सत्र न होने पर भी 'मिनी संसदझ् की तरह काम करती हैं और सांसदों को नीतिगत मामलों की विस्तृत जांच का अवसर देती हैं।

इस प्रस्ताव का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक पहलू भी है। कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर वर्तमान में विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं। यदि समितियों का कार्यकाल दो साल का कर दिया जाता है, तो वे पार्टी से अपने कथित मतभेदों के बावजूद इस महत्वपूर्ण पद पर दो साल और बने रह सकते हैं।

**क्या होती हैं स्थायी समितियां?**

संसदीय स्थायी समितियां संसद की स्थायी इकाइयां होती हैं, जिनमें लोकसभा और राज्यसभा, दोनों सदनों के सांसद शामिल होते हैं। ये समितियां मुख्य रूप से विधेयकों की विस्तृत जांच, सरकारी नीतियों की समीक्षा, बजट आवंटन की पड़ताल और संबंधित मंत्रालयों को जवाबदेह ठहराने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। सूत्रों का कहना है कि समितियों के अध्यक्षों में बड़े बदलाव की संभावना कम है, लेकिन नए सदस्यों की नियुक्ति दो साल के कार्यकाल के लिए हो सकती है, जिससे समितियों के काम में स्थिरता आएगी।

### खाई में गिरी कार, बुजुर्ग की मौत, महिला गंभीर

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जनपद के ताड़ीखेत क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सुबह करीब नौ बजे रानीखेत बाजार से ताड़ीखेत जा रही कार हाईडिल के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 87 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि कार सवार एक महिला को गंभीर हालत में हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार कार चालक लाखन सिंह बिष्ट गनियाद्योली से रानीखेत बाजार आया था। वापसी के दौरान वाहन में ग्राम एराडी निवासी करन राजोरिया और 87 वर्षीय कुशल सिंह रौतेला सवार थे। इसी बीच गनियाद्योली निवासी अनुराधा बिष्ट (42 वर्ष), पत्नी कुलदीप बिष्ट भी ताड़ीखेत जाने के लिए कार में बैठ गईं। इस तरह वाहन में चालक सहित चार लोग सवार हो गए। हाईडिल क्षेत्र के पास पहुंचते ही अचानक चालक का नियंत्रण कार से हट गया और वाहन खाई में जा गिरा। हादसे में कुशल सिंह रौतेला और अनुराधा बिष्ट गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चालक लाखन सिंह बिष्ट और करन राजोरिया सुरक्षित रहे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग की बड़ी कार्रवाई

# करोड़ों के मादक पदार्थ और विदेशी मुद्रा बरामद



मुंबई ,। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (सीएसएमआई), मुंबई पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 21 से 24 सितंबर के बीच की ड्यूटी के दौरान कई बड़ी कार्रवाइयां करते हुए करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ, विदेशी मुद्रा और सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने विभिन्न मामलों में दो यात्रियों को गिरफ्तार भी किया है।

पहले मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने प्रोफाइलिंग के आधार पर कोलंबो से फ्लाइट नंबर यूएल–141 से आए एक यात्री को रोका। जांच में यात्री के ट्रॉली बैग से 2.624 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिसकी अवैध बाजार कीमत लगभग 2.62 करोड़ रुपए आंकी गई है। यात्री को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। दूसरे मामले में विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीमा शुल्क अधिकारियों ने मुंबई से दुबई जा रही फ्लाइट नंबर ईके–509 के एक यात्री को रोका। यात्री के हैंडबैग बैग से 7.11 लाख भारतीय रुपए के बराबर विदेशी मुद्रा बरामद की। मुद्रा को छुपाकर ले जाया जा रहा था। तीसरे मामले में इसी फ्लाइट (ईके–509) से दुबई जा रहे एक अन्य यात्री को भी रोककर जांच की गई। यात्री के हैंड बैग से विदेशी मुद्रा बरामद हुई, जिसकी भारतीय रुपए में कीमत ?49.38 लाख बताई गई। चौथे मामले में प्रोफाइलिंग के आधार पर बैंकॉक से फ्लाइट नंबर एसक्यू–424 से आए एक यात्री को जांच के लिए रोका गया। इस दौरान यात्री के ट्रॉली बैग से 18.400 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 18.40 करोड़ रुपए आंकी गई। यात्री को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

पांचवे मामले में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने मुंबई से जकार्ता जाने वाली फ्लाइट नंबर 6ई–1601 के एक यात्री को रोका। जांच के दौरान यात्री के हैंडबैग बैग से 19.17 लाख रुपए के बराबर की विदेशी मुद्रा बरामद हुई।

वहीं, एक अन्य कार्रवाई में इमीग्रेशन क्लीयरेंस काउंटर के पास वॉशरूम से बिना सोने का डस्ट ओवल (अंडाकार) आकार में बरामद किया गया। बरामद सोने का कुल वजन 365 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 38.10 लाख रुपए है। इसे सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

## रूसी सेना में फंसे 27 और भारतीय

# भारत ने मॉस्को से की तत्काल सेवामुक्त करने की अपील



मॉस्को , यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के बीच रूस द्वारा अपनी सेना में भारतीयों की भर्ती का गंभीर मामला एक बार फिर सामने आया है। भारत ने रूस से अपने 27 और नागरिकों को तत्काल सेवामुक्त करने की अपील की है, जिन्हें हाल ही में रूसी सेना में भर्ती किया गया है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले को मॉस्को के समक्ष जोरदार तरीके से उठाते हुए भारतीयों को जल्द से जल्द वापस लाने की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार को पता चला है कि रूसी सेना में और भी भारतीय सेवारत हैं और उनके परिवारों से लगातार नई जानकारी मिल रही है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारी जानकारी के अनुसार, 27 भारतीय नागरिक वर्तमान में रूसी सेना में सेवारत हैं। हम इस मामले पर उनके परिवारों के साथ भी लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने एक बार फिर भारतीय नागरिकों को आगाह करते हुए कहा, हम सभी भारतीय नागरिकों से रूसी सेना में सेवा देने के लिए मिलने वाले प्रस्तावों से दूर रहने का आग्रह करते हैं क्योंकि ये खतरों और जोखिम से भरे हैं।

रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत ने इस मामले को लेकर अपनी गंभीर चिंता रूसी अधिकारियों के समक्ष व्यक्त की है। उन्होंने कहा, हमने मॉस्को में रूसी अधिकारियों और नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष इस मामले को जोरदार तरीके से उठाया है और उनसे (भारतीयों को) जल्द से जल्द सेवा मुक्त करने का अनुरोध किया है। हम उन्हें वहां से बाहर निकालने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक 150 से अधिक भारतीयों को रूसी सेना में भर्ती किया जा चुका है। इनमें से कई छात्र और बिजनेस वीजा पर रूस गए थे, जिन्हें धोखे से या जबरन यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया। इस संघर्ष में अब तक कम से 'कम 12 भारतीयोंझ् की मौत हो चुकी है, जबकि 16 को लापता घोषित किया गया है। भारत के लगातार दबाव के बाद रूसी अधिकारियों ने अब तक 96 भारतीयों को सेवामुक्त किया है। पिछले साल अपनी रूस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह मुद्दा उठाया था।

### वन विभाग ने पकड़ीं अवैध शराब की भट्टियां

रुद्रपुर। सुरई रेंज में मानसून गश्त के दौरान वन विभाग ने अवैध शराब की कई भट्टियां पकड़ीं और हजारों लीटर कच्ची लाहन नष्ट की। टीम को देखकर तस्कर मौके से फरार हो गए। शुक्रवार को उप प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर रेंज अधिकारी सुरई आरएस मनराल के नेतृत्व में टीम बनगंवा, रघुलिया और चांदा क्षेत्रों में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को आबादी से सटे जंगल में अवैध शराब की भट्टियां सुलगती मिलीं। वन विभाग की टीम को देखते ही शराब तस्कर भाग निकले। गश्ती दल को मौके से दर्जनों भट्टियां, बर्तन, कच्ची शराब और लगभग 450 लीटर लाहन बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। रेंज अधिकारी मनराल ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए वन विभाग ने गश्त बढ़ा दी है। अवैध तस्करी, पातन और शिकार के साथ ही जंगलों में चल रही कच्ची शराब की भट्टियों पर भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## पंजाब पुलिस को बड़ी सफलता

# यूएई से भारत लाया गया बब्बर खालसा का आतंकी परमिंदर सिंह पिंडी



नई दिल्ली ,। पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों को बब्बर खालसा इंटरनेशनलके आतंकी परमिंदर सिंह पिंडी को प्रत्यर्पित करवाने में बड़ी कामयाबी मिली है। उसे यूएई से भारत लाया गया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पिंडी, विदेश में बैठे आतंकियों हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है। वह बटाला–गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक वारदातों और जबरन वसूली जैसे कई जघन्य अपराधों में शामिल रहा है। डीजीपी यादव ने कहा कि बटाला पुलिस की मांग पर रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम 24 सितम्बर 2024 को यूएई रवाना हुई। विदेश मंत्रालय और यूएई अधिकारियों के सहयोग से कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को भारत लाया गया। यह सफल प्रत्यर्पण आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ पंजाब पुलिस की शून्य–सहिष्णुता नीति और उसकी वैश्विक पहुँच का उदाहरण है।उधर, खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर अन्य मामलों में भी पंजाब पुलिस की कार्रवाई जारी है। इंदरजीत सिंह गोसल, जो पिछले साल कनाडा में एक हिन्दू मंदिर पर हमले में पकड़ा गया था,

## भारत के लिए नए रास्ते की तलाश?

# 4 देशों की यात्रा पर निकले राहुल गांधी, व्यापार और रणनीति पर रहेगा फोकस



नई दिल्ली ,लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दक्षिण अमेरिका के चार देशों की एक महत्वपूर्ण राजनयिक यात्रा शुरू की है। इस दौरे के दौरान वे कई देशों के राष्ट्रपतियों, वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के साथ अहम बैठकें करेंगे। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्गझ् पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अमेरिका की यात्रा शुरू की है। वे चार देशों में राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस यात्रा को 'ऐतिहासिक महत्वझ् का बताते हुए कहा कि यह भारत और दक्षिण अमेरिका के बीच गुट–निरपेक्ष आंदोलन और वैश्विक दक्षिण में एकजुटता जैसे पुराने संबंधों को और मजबूत करेगी। पार्टी के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी और स्थिरता के क्षेत्र में साझेदारी के नए अवसर तलाशना भी है।

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान ब्राजील और कोलंबिया में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा, व्यापारिक नेताओं से मुलाकात कर अमेरिकी टैरिफ के मौजूदा दौर में भारत के लिए व्यापार की नई संभावनाएं तलाशने पर भी चर्चा करेंगे।

### सिडकुल फैक्ट्री में श्रमिक की संदिग्ध हालात में मौत

रुद्रपुर। सिडकुल क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत श्रमिक की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध हालात में मौत हो गई। देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर फैक्ट्री प्रबंधन उसे अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जौहरी लाल पुत्र रामभरोसे लाल निवासी गुलड़िया, थाना मिलक रामपुर यूपी के रूप में हुई है। वह रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप में किराए पर रहकर फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार रात वह रोजाना की तरह ड्यूटी पर गया था, इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। फैक्ट्री के अधिकारी तत्काल उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने मौत के मामले में संदेह जताया। मृतक के साले सत्यवीर का कहना था कि जौहरी को पहले कभी कोई बीमारी नहीं रही थी और प्रायः उसकी ड्यूटी नाइट शिफ्ट में ही लगाई जाती थी। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# पंतनगर से फ्लाई बिग की उड़ान सेवा 25 अक्तूबर तक बंद



रुद्रपुर। पंतनगर–देहरादून–पिथौरागढ़ हवाई मार्ग पर संचालित फ्लाई बिग की उड़ान सेवा 25 अक्तूबर तक पूरी तरह बंद कर दी गई है। कंपनी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को मेल भेजकर इसकी पुष्टि की है। कंपनी ने मौसम और तकनीकी दिक्कतों को इसका कारण बताया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार यात्रियों की कम संख्या भी इसका एक कारण है। फ्लाई बिग का 19 सीटर डीएचसी–6–400 ट्विन ऑटर विमान पंतनगर से उड़ान भरता था। पिछली उड़ान 18 सितंबर को हुई थी, उसके बाद से कोई उड़ान नहीं आई। फ्लाई बिग ने लगभग एक साल पहले क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के तहत यह सेवा शुरू की थी। इस सेवा से यात्रियों को बड़ी सुविधा मिली थी। पंतनगर से पिथौरागढ़ का सफर केवल 25–30 मिनट और पिथौरागढ़ से देहरादून का सफर 70–75 मिनट में पूरा होता था। हालांकि, पिछले कुछ महीनों से खराब मौसम और तकनीकी परेशानियों के कारण यह सेवा प्रभावित रही। पिथौरागढ़ में अक्सर खराब मौसम के चलते उड़ानों पर रोक लगती रही। अंततः कंपनी ने 25 अक्तूबर तक उड़ान बंद करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ा झटका लगा है और देहरादून की हवाई कनेक्टिविटी फिलहाल बाधित हो गई है। अब यात्रियों को लंबी दूरी सड़क मार्ग से तय करनी होगी। वहीं फ्लाई बिग के कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि जुलाई 2024 से अब तक कंपनी ने उनके वेतन से काटे गए ईपीएफ का भुगतान ईपीएफ कार्यालय को नहीं किया है।

## मेकअप फिक्सर खरीदते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, मिलेगा बेहतर परिणाम

मेकअप फिक्सर आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखने में मदद करता है। यह चेहरे पर लगे मेकअप को पसीने, नमी और अन्य बाहरी कारकों से बचाता है, जिससे आपका मेकअप पूरे दिन सही दिखता है। इसलिए, सही मेकअप फिक्सर का चयन करना महत्वपूर्ण है। आइए जानते हैं कि मेकअप फिक्सर खरीदते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आपको सही विकल्प मिल सके और आपका मेकअप भी बेहतरीन दिखे।

**त्वचा के प्रकार का ध्यान रखें**

मेकअप फिक्सर खरीदते समय सबसे पहले अपनी त्वचा के प्रकार पर ध्यान दें। अगर आपकी त्वचा सूखी है तो नमी देने वाले तत्वों वाला फिक्सर चुनें, जो आपकी त्वचा को नमी प्रदान करे। तैलीय त्वचा वालों के लिए ऐसा फिक्सर चुनें जो तेल को नियंत्रित करे और मेकअप को सही बनाए रखे। संवेदनशील त्वचा वालों के लिए ऐसा फिक्सर अच्छा रहेगा जिसमें किसी प्रकार का एसेंस न हो।

**फार्मूला जानें**

मेकअप फिक्सर के फार्मूला पर ध्यान देना भी जरूरी है। कुछ फिक्सर्स में शराब होती है, जो त्वचा को सूखा सकती है और जलन पैदा कर सकती है, खासकर संवेदनशील त्वचा वालों के लिए इसलिए ऐसे फिक्सर से बचें। इसके बजाय ऐसे फिक्सर चुनें, जिनमें नमी देने वाले और प्राकृतिक तत्व हों। ये त्वचा को नमी प्रदान करते हैं और मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखते हैं, बिना किसी नुकसान के।

**स्प्रे या लोशन चुनें**

मेकअप फिक्सर स्प्रे या लोशन दोनों रूप में आते हैं। स्प्रे फिक्सर आसानी से उपयोग किया जा सकता है और पूरे चेहरे पर समान रूप से फैलता है, जबकि लोशन को हाथों से लगाना पड़ता है। अगर आप यात्रा करते रहते हैं या जल्दी में होते हैं तो स्प्रे फिक्सर आपके लिए बेहतर रहेगा, वहीं घर पर इस्तेमाल के लिए लोशन फिक्सर अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे आप अपने चेहरे को अच्छे से सेट कर सकें।

**ब्रांड की विश्वसनीयता पर दें ध्यान**

भरोसेमंद ब्रांड द्वारा बनाए गए मेकअप फिक्सर अधिक गुणवत्ता वाले होते हैं और उनकी गुणवत्ता पर भरोसा किया जा सकता है। लोकल ब्रांड्स कभी-कभी घटिया सामग्री का उपयोग करते हैं, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है इसलिए हमेशा अच्छे नामी ब्रांड्स का चयन करें जो अपने उत्पादों में उच्च मानक बनाए रखते हों। इसके अलावा नामी ब्रांड्स के फिक्सर्स में प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया जाता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करते हैं।

**कीमत पर दें ध्यान**

मेकअप फिक्सर की कीमत भी अहम होती है, लेकिन महंगा हमेशा बेहतर नहीं होता इसलिए, अपनी जरूरत अनुसार सही विकल्प चुनें। सस्ते और महंगे दोनों प्रकार के फिक्सर्स बाजार में उपलब्ध होते हैं, लेकिन गुणवत्ता अहम होती है। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए सही मेकअप फिक्सर चुन सकते हैं, जो आपकी त्वचा को नमी प्रदान करे, मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखे और जलन रहित हो।

## त्योहारों के दौरान इन 5 लिपस्टिक शेड का करें चयन, दिखेंगी बेहद आकर्षक

त्योहारों का समय आ गया है और इस दौरान महिलाएं अपने मेकअप पर खास ध्यान देती हैं। लिपस्टिक शेड्स का चयन करना एक अहम कदम है, जो आपके पूरे लुक को बदल सकता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे लिपस्टिक शेड के बारे में बताएंगे, जो त्योहारों के मौसम में आपको स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर दिखाएंगे। इन शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आकर्षक और खास दिख सकती हैं।

**रेड लिपस्टिक**

रेड लिपस्टिक हमेशा से ही महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रही है। यह न केवल आपके होंठों को चमकदार बनाती है, बल्कि आपके पूरे चेहरे को भी निखारती है। त्योहारों के समय में रेड लिपस्टिक पहनना एक बेहतरीन विचार हो सकता है क्योंकि यह आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाएगी और आपके लुक को खास बनाएगी। चाहे आप साड़ी पहन रही हों या सलवार-कमीज, रेड लिपस्टिक हर परिधान के साथ जचेगी।

**बेबी पिंक लिपस्टिक**

बेबी पिंक लिपस्टिक हमेशा से ही एक प्यारा और नाजुक शेड होता है, जो हर त्वचा की टोन पर अच्छा लगता है। यह शेड न केवल आपके होंठों को मुलायम दिखाता है, बल्कि आपके चेहरे पर ताजगी भी लाता है। त्योहारों के समय में बेबी पिंक लिपस्टिक पहनना एक अच्छा विचार हो सकता है क्योंकि यह आपको साफ्ट और आकर्षक दिखाएगी। चाहे आप किसी पारंपरिक पोशाक में हों या आधुनिक लुक में बेबी पिंक लिपस्टिक हर अवसर पर सूट करेगी।

**मैरून लिपस्टिक**


मैरून लिपस्टिक एक गहरा और आकर्षक शेड होता है, जो आपके होंठों को एक खास लुक देता है। यह शेड खासकर शाम की पार्टियों या समारोहों के लिए बहुत ही उपयुक्त होता है। मैरून लिपस्टिक आपके लुक को खास बनाती है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर दिखाती है। इस शेड का चयन करके आप हर अवसर पर आकर्षक और स्टाइलिश दिख सकती हैं।

# देवी–शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र

**जब समाज महिला असमानता, सामाजिक भेदभाव, पर्यावरण संकट, नैतिक पतन आदि अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब नवरात्र हमें अवसर देते हैं कि इन समस्याओं पर सामूहिक रूप से विचार करें और समाधान खोजें। नवरात्र की कथा के अनुसार, दुर्गा देवी ने महिषासुर जैसे राक्षस का वध कर देवताओं और मानवता को अत्याचार से मुक्ति दिलाई। यह कथा इस बात का प्रतीक है कि जब अत्याचार अपनी सीमा पार कर लेते हैं, तो समाज में सकारात्मक शक्ति का उदय होता है। यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। चाहे सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष हो, अन्यायपूर्ण व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना हो या व्यक्तिगत जीवन में नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय पाना। ये नौ देवियां धार्मिक प्रतिमाएं मात्र नहीं अपितु आधुनिक प्रतीक भी हैं। यदि इन्हें आधुनिक दृष्टि से देखें तो प्रत्येक देवी एक मानवीय मूल्य और सामाजिक आदर्श का प्रतीक है। एक नई दृष्टि के साथ इन देवियों के आधुनिक प्रतीको एवं अथरे पर दृष्टि डालते हैं।**

**डा. घनश्याम बादल**

हिन्दू धर्म के सबसे बड़े पर्वों में से एक माने जाने वाले नवरात्र शुरू हो गए हैं। नौ दिन तक तन–मन की शुद्धि के लिए किए जाने वाले नवरात्र व्रत धार्मिक कर्मकांड मात्र नहीं हैं अपितु वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी रखते हैं, और प्रतीक रूप में गहरा संदेश देते हैं। नवरात्र का शाब्दिक अर्थ है नौ रातें और यह देवी–शक्ति की उपासना का पर्व है। यह पर्व वर्ष में दो बार चैत्र और शारदीय नवरात्रि मनाया जाता है। धार्मिक दृष्टि से यह शक्ति की आराधना और असुर शक्तियों पर विजय का प्रतीक है, परंतु यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्त्री–शक्ति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्थान का उत्सव भी है।



आज के समय में जब समाज महिला असमानता, सामाजिक भेदभाव, पर्यावरण संकट, नैतिक पतन आदि अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब नवरात्र हमें अवसर देते हैं कि इन समस्याओं पर सामूहिक रूप से विचार करें और समाधान खोजें। नवरात्र की कथा के अनुसार, दुर्गा देवी ने महिषासुर जैसे राक्षस का वध कर देवताओं और मानवता को अत्याचार से मुक्ति दिलाई। यह कथा इस बात का प्रतीक है कि जब अत्याचार अपनी सीमा पार कर लेते हैं, तो समाज में सकारात्मक शक्ति का उदय होता है।

यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। चाहे सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष हो, अन्यायपूर्ण व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना हो या व्यक्तिगत जीवन में नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विजय पाना। ये नौ देवियां धार्मिक प्रतिमाएं मात्र नहीं अपितु आधुनिक प्रतीक भी हैं। यदि इन्हें आधुनिक दृष्टि से देखें तो प्रत्येक देवी एक मानवीय मूल्य और सामाजिक आदर्श का प्रतीक है। एक नई दृष्टि के साथ इन देवियों के आधुनिक प्रतीको एवं अथरे पर दृष्टि डालते हैं। शैलपुत्री–पर्वतपुत्री शैलपुत्री धरती और प्रकृति से जुड़ाव की प्रेरणा देती हैं।

आज जब पर्यावरण संकट बढ़ रहा है, यह देवी हमें बताती हैं कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और टिकाऊ जीवन शैली अपनानी चाहिए। देवी ब्रह्मचारिणी–तपस्या और अनुशासन की प्रतीक हैं, जो संदेश देती हैं कि शिक्षा, आत्मसंयम और स्पष्ट जीवन–दृष्टि से ही प्रगति संभव है। चंद्रघंटा–साहस और वीरता की देवी हैं, जो सिखाती हैं कि समाज में अन्याय, अपराध और शोषण के खिलाफ निडर होकर खड़ा होना चाहिए। कुष्मांडा–सृष्टि की रचयिता कुष्मांडा आधुनिक युग में रचनात्मकता, नवाचार और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं। स्कंदमाता–मातृत्व और पालन–पोषण की प्रतीक हैं, जो हमें याद दिलाती हैं कि अगली पीढ़ी को अच्छे संस्कार देना हमारा कर्त्तव्य है।

कात्यायनी–दमन और अन्याय के अंत की प्रतीक हैं, जो महिला सशक्तिकरण और न्यायपूर्ण समाज के लिए संघर्ष की प्रेरणा देती हैं। कालरात्रि–अंधकार का नाश करने वाली देवी कालरात्रि हमें अज्ञान, अंधविश्वास और कुरीतियों के विरु द्ध जागरूकता फैलाने का संदेश देती हैं। मां महागौरी–पवित्रता और शांति की प्रतीक हैं, और समाज में स्वच्छता, समानता और मानसिक शांति का आदर्श प्रस्तुत करती हैं। सिद्धिदात्री जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है ज्ञान, उपलब्धि और परिपूर्णता की प्रतीक देवी हैं, जो प्रेरित करती हैं कि हम कौशल और ज्ञान से आत्मनिर्भर और समर्थ बनें। इन नौ देवियों को यदि हम नौ सामाजिक स्तंभ मानें तो नवरात्रि हमें आत्म सुधार और समाज सुधार की एक पूरी रूपरेखा प्रदान करती है।

सामाजिक सुधार की दृष्टि से भी नवरात्र का महत्त्व कम नहीं है। नवरात्रि का मूल ही स्त्री–शक्ति की उपासना है। नवरात्र में हम संकल्प लें कि बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाना है, यह संकल्प ही इस पर्व को सार्थक बना सकता है। नवरात्रि आत्म शुद्धि का समय है। अवसर है कि हम अंधविश्वास, जातिवाद, छुआछूत, नशाखोरी और सामाजिक भेदभाव जैसी बुराइयों को समाप्त करने की प्रतिज्ञा लें। प्रकृति अपने आप में देवी का स्वरूप है। अतः नवरात्र में वृक्षारोपण, प्लास्टिक–मुक्त अभियान और जल–संरक्षण का संदेश समाज को दिया जा सकता है।

पूजा में इको–फ्रेंडली सामग्री का प्रयोग करके यह पर्व पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है। नवरात्रि में सामूहिक आयोजन जाति, धर्म और वर्ग भेद मिटाने के अवसर होते हैं। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जा सकते हैं, जो समाज को जोड़ने का काम करें। नवरात्रि में व्रत–उपवास का अपना ही महत्त्व है। इसे केवल धार्मिक नियम न मान कर स्वस्थ जीवन शैली, नशा–मुक्ति और मानसिक शांति का अभ्यास बनाया जा सकता है। अतः कहा जा सकता है कि नवरात्रि धार्मिक पर्व मात्र नहीं है, बल्कि आत्म–संयम, सामाजिक जागरूकता और परिवर्तन का अवसर है। यदि हम नवरात्रि को सामाजिक सुधार की दृष्टि से मनाएं तो यह पर्व महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम बन सकता है।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान :नक्सल ग्रस्त अबूझमाड़ के कोंडे ग्राम तक पहुँची स्वास्थ्य सेवाएँ

छत्तीसगढ़ में प्रदेशव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत बीजापुर जिला के नक्सल ग्रस्त अबूझमाड़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य दल इंद्रावती नदी को नाव से पार कर कोंडे ग्राम पहुँचा और वहाँ एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।

शिविर में कुल 132 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 14 मलेरिया, 26 सर्दी–खांसी और 25 त्वचा सम्बन्धी रोगों के मरीज शामिल थे। खासतौर पर 10 गर्भवती माताओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच, आवश्यक टीकाकरण और परामर्श प्रदान किया गया। इन माताओं को प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण, एनीमिया से बचाव और सुरक्षित मातृत्व के विषय में जानकारी दी गई।स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए, उफनती इंद्रावती नदी को पार करने के लिए स्वास्थ्य दल ने स्वयं नाव चलाकर दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाईं। इस प्रयास से कोंडे जैसे दूरदराज गाँव में स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुंच सकीं।इस अभियान में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शिवेंद्र रात्रे, बेटो के. पी. विर्वंश, स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजू पुगंटी, अरुण पागे, अतुल कुशवाहा और वार्ड ब्वाय सुखराम गोटा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।प्रदेश सरकार का यह प्रयास स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है के सिद्धांत को साकार करता है। इस अभियान के जरिए सरकार का उद्देश्य हर नारी तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने और उन्हें बेहतर जीवनशैली की जानकारी प्रदान करना है।

## अतिक्रमण न अनूठी, न ही नई

सुप्रीम कोर्ट ने आखिर, अपने अंतरिम आदेश में पूरे वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। परंतु अदालत के समक्ष प्रस्तुत याचिकाओं में जिन प्रावधानों को लेकर आपत्तियां थीं, उन पर रोक जरूर लगा दी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत द्वारा मई के अंत में यह फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। सरकार का मत है कि नया कानून वक्फ बोडरे में सुधार और पारदर्शिता निश्चित करने वाला है। परंतु इस संशोधन को असंवैधानिक बताने और मुसलमानों की संपत्ति हड़पने की मंशा रखने वाला बताने वालों ने सौ से ज्यादा लोगों ने याचिकाएं लगाई थीं।

अदालत के अनुसार केंद्रीय वक्फ काउंसिल में चार से अधिक सदस्यों की संख्या नहीं हो सकती जबकि राज्य के बोर्ड में तीन सदस्य होंगे। जिलाधिकारी को घोषित वक्फ संपत्ति के सरकारी होने न होने के विषय में तय करने का अधिकार भी नहीं होगा। इस कानून का विरोध करने वालों को सबसे ज्यादा आपत्ति जिलाधिकारियों को दिए गए इसी अधिकार को लेकर थी जिसके अनुसार डीएम वक्फ के दावे वाली सरकारी जमीन के बारे में मसौदा सरकार को भेज सकता है, जिसे सरकार द्वारा स्वीकार करने के उपरांत राजस्व रिकॉर्ड में वह भूमि या संपत्ति सरकारी के तौर पर दर्ज की जा सकेगी।

काउंसिल के दो गैर–मुसलमानों और महिला सदस्यों को लेने पर भी मुसलमानों को आपत्ति रही है। जैसा कि माना जाता है यह संपत्ति अल्लाह के नाम पर या धार्मिक/परोपकार के मकसद से दान की जाती है। धर्मस्थलों की आड़ में सरकारी या लंबे अरसे से खाली पड़ी जमीनों पर अतिक्रमण की घटनाएं देश में न अनूठी हैं, न ही नई। इस सरकार का वक्फ या मस्जिदों को निशाने पर रखने का मकसद किसी से छिपा नहीं है। वक्फ की संपत्ति की खरीद–फरोख्त नहीं होती, न ही इसका हस्तांतरण होता है।

देश भर में वक्फ बोर्ड के पास तकरीबन पौने नौ लाख संपत्तियां बताई जाती हैं जिनकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। यह सरकारी लापरवाही और वोटों के लोभ में समुदाय विशेष को दिए गए संरक्षण का ही नतीजा है जो सरकारी संपत्तियों या भूमि पर अवैध कब्जा होता रहता है। सरकार को भी इसकी कीमत चुकानी होगी। विशेष धर्म के आधार पर कोई कानून बनाने की बजाय निष्पक्ष कानून बनाए जिसकी जद में हर धर्म आता हो। कहना होगा कि अतिक्रमणों को मुक्त कराने के प्रति राज्य सरकारों को मुस्तैद होना ही चाहिए।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच

**डॉ. आर. बालसुब्रमण्यम**

देश लोक प्रशासन में सुधार के अभूतपूर्व प्रयास कर रहा है। अब न केवल अधिकारियों के प्रशिक्षण के तरीके बदल रहे हैं, बल्कि उनकी सेवा के मायनों में भी बदलाव आ रहा है। मिशन कर्मयोगी–लोक सेवा क्षमता निर्माण का राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इस बदलाव में इंजन की भूमिका निभा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच झलकती है। 25 वषी से अधिक समय तक सरकार चलाने और पांच दशकों से अधिक सार्वजनिक जीवन का अनुभव रखने वाले मोदी, व्यवस्थाओं के प्रति एक संचालक जैसी समझ, जड़ आदतों के प्रति एक सुधारक जैसी अधीरता, और ध्रुव तारे की तरह स्पष्ट–नागरिक–प्रथम, विकसित भारत के उद्देश्य को सामने रखते हैं।

मिशन कर्मयोगी की खासियत यह है कि यह केवल दिखावे भर के लिए मानव संसाधन सुधार नहीं है। यह देश की लोक सेवाओं की मूल्य–आधारित परिवर्तनकारी पुनर्रचना है और इसका मुख्य ध्यान प्रदशर्न पर है। यह कार्यक्रम तीन निर्णायक बदलावों को संहिताबद्ध करता है: पहला बदलाव; सरकारी अधिकारियों की मानिसकता में बदलाव है, यानी स्वयं को कर्मचारी मानने से लेकर कर्मयोगी मानने तक का सफर है। दूसरा बदलाव; कार्यस्थल में बदलाव है, इसमें प्रदशर्न के लिए व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी सौंपने से लेकर प्रणालीगत प्रदशर्न बाधाओं का निदान और उन्हें दूर करने तक का बदलाव शामिल है। तीसरा बदलाव; सार्वजनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली और उससे जुड़ी क्षमता निर्माण प्रणाली को नियम–आधारित से भूमिका–आधारित बनाना है।

यह संरचना स्पष्ट रूप से मोदी के इक्कीसवीं सदी के शासन की मांगों के दूरदर्शी ढांचे से उभर कर सामने आई है। यह जीवंत नेतृत्व का परिणाम है। मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी ने एक समग्र सरकारी संस्कृति को बढ़ावा दिया–अलग–अलग क्षेत्रों में अलगाव को खत्म किया, मंत्रियों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बहस पर बल दिया, और फाइलों को आगे बढ़ाने की बजाय सिस्टम समाधानों को प्राथमिकता दी। यह भावना महामारी के दौरान दिखाई दी, जब सरकार, उद्योग, नागरिक समाज और नागरिक स्वयंसेवकों के सभी स्तरों पर 'टीम इंडियाइ एक साझेदारी मॉडल के रूप में आगे बढ़ी। उन्होंने नेतृत्व की आदतों को संरचनाओं में भी ढाला।

जो चिंतन शिविर–आवासीय, पदानुक्रम–समतल विचार–मंथन सत्र–गुजरात में शुरू किए गए थे वे अब केंद्र सरकार की कार्यपुस्तिका का हिस्सा हैं। निरंतर सीखने पर उनका बल व्यक्तिगत है। अपने ज्ञान और कौशल का निरंतर विस्तार करने के अलावा, वे यह भी जांचने के लिए जाने जाते हैं कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारी आईजीओटी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। संस्थागत स्मृति के साथ उनके व्यवहार में बहुत समावेशीता है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, उन्होंने मंत्रियों से दशकों तक एक तरह से व्यवस्था से भली–भांति परिचित अपने सहायकों और अनुभाग अधिकारियों से सीखने का आग्रह किया।जमीनी स्तर पर, सुधार की रीढ़ उद्देश्यपूर्ण तकनीक है। आईजीओटी–कर्मयोगी प्लेटफॉर्म एक व्यापक, कभी भी और कहीं भी सीखने का ईको सिस्टम है। इसमें 3,000 से ज्यादा स्व–प्रगति पाठ्यक्रम हैं जो सभी के लिए सुलभ हैं और सीखने को लोकतंत्रात्मक बनाते हैं। मिशन कर्मयोगी प्राचीन सभ्यतागत ज्ञान को आधुनिक शासन–कला के साथ जोड़ता है–विकास, गर्व, कर्तव्य और एकता जैसे संकल्पों के साथ–साथ स्वाध्याय, सहकार्यता, राजकर्म और स्वधर्म (नागरिकों पर ध्यान) जैसे व्यक्तिगत गुणों को भी समाहित करता है।

यह कोई पुरानी यादें नहीं हैं; यह उच्च तकनीक युग के लिए एक व्यावहारिक नैतिकता है, जो यह सुनिश्चित करती है कि योग्यता चरित्र में समाहित हो। नागरिक–केंद्रितता–जनभागीदारी–दूसरा स्तंभ है। प्रधानमंत्री मोदी बार–बार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि प्रत्येक सार्वजनिक निर्णय के केंद्र में नागरिक होने चाहिए।

# आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा के ट्रेलर को लेकर आया अपडेट, नया पोस्टर आउट





आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म थामा को लेकर काफी बज बना हुआ है। फैंस फिल्म के बारे में छोटी सी छोटी अपडेट तक जानना चाह रहे हैं। अब जबसे मेकर्स ने 26 सितंबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज करने की घोषणा की है, तब से फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक और नया पोस्टर जारी किया है। थामा के ट्रेलर को लेकर मेकर्स ने दर्शकों में काफी उत्साह बढ़ा दिया। मेकर्स ट्रेलर लान्च इवेंट को ग्रैंड बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज से एक दिन पहले फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में आयुष्मान और रश्मिका दोनों ही नजर आ रहे हैं। पोस्टर में रश्मिका इंटेंस लुक में दिख रही हैं, जबकि आयुष्मान डरे हुए से रश्मिका के कंधों पर सवार हैं। कंधे पर बैग टांगे आयुष्मान काफी घबराए हुए लग रहे हैं। आसपास में पेड़ और जंगल नजर आ रहा है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, स्त्री आएगी और थम्माके वाली न्यूज लाएगी। थामा के ट्रेलर की गिनती शुरू, सिर्फ एक दिन है बाकी।

# अभिषेक शर्मा ने एक साथ तोड़ा कोहली–रिजवान का रिकॉर्ड

## एशिया कप में हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

नईदिल्ली, भारत के 25 वर्षीय युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं. एशिया कप 2025 में उनका बल्ला न सिर्फ गरज रहा है बल्कि विरोधियों पर बरस भी रहा है. अब तक वो टूर्नामेंट में लगातार तीन अर्धशतक के साथ 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से छह पारियों में 309 रन बना चुके हैं, जो की टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा है.



अभिषेक ने शुक्रवार (26 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच टूर्नामेंट के अंतिम सुपर फोर चरण के मैच में 196.77 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 31 गेंदों में 61 रनों की पारी खेली, जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे. इससे पहले सुपर फोर में ही उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 37 गेंदों में 75 रन और पाकिस्तान और के खिलाफ 39 गेंदों में 74 रनों की पारी खेली थी.

जबकि ग्रुप स्टेज के तीनों मैचों में, अभिषेक ने सभी मैचों में 30 रनों से ज्यादा रन बनाए. उन्होंने छह पारियों में 51.40 की औसत और 204.6.4 के स्ट्राइक–रेट के साथ 309 रन बनाए हैं, जिसमें उन्होंने 31 चौके और 19 छक्के लगाए हैं. एशिया कप 2025 में 309 रन बनाकर अभिषेक ने न सिर्फ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं बल्कि उन्होंने विराट कोहली और मोहम्मद रिजवान का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है. अब टी20 प्रारूप में एशिया कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक के नाम हो गया है. इससे पहले ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के नाम था, उसके बाद दूसरे नंबर पर विराट कोहली थे.

रिजवान ने एशिया कप 2022 के संस्करण में 281 रन बनाए थे जबकि विराट ने भी उसी सीजन में 276 रन बनाकर दूसरे स्थान पर थे. लेकिन अब अभिषेक पहले स्थान पर आ गए हैं. इसके अलावा अभिषेक शर्मा ने टेस्ट खेलने वाले देश के किसी भी खिलाड़ी द्वारा टी20 सीरीज या टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने एशिया कप 2025 में अभी तक कुल 50 बाउंड्री (31 चौके, 19 छक्के) लगाए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान के नाम था, जिन्होंने 2009 टी20 विश्व कप के दौरान कुल 49 बाउंड्री (46 चौके, 3 छक्के) लगाए थे.

## अंशुमन झा की फिल्म लार्ड कर्जन की हवेली की रिलीज तारीख का ऐलान



मिर्जापुर वेब सीरीज में बीना त्रिपाठी के किरदार से मशहूर हुईं एक्ट्रेस रसिका दुग्गल जल्द ही एक ब्लैक कामेडी फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का नाम है लार्ड कर्जन की हवेली। जानिए आप कब देख सकेंगे अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की यह फिल्म।

रसिका दुग्गल ने आज अपनी आगामी फिल्म लार्ड कर्जन की हवेली का एक शानदार पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। फिल्म के इस पोस्टर में फिल्म के मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ रसिका ने कैप्शन में लिखा, हिचकाक ने देसीस के साथ इस डिनर पार्टी के लिए हां में आरएसवीपी किया होगा।लार्ड कर्जन की हवेली – 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में आ रही है।

ब्लैक–कामेडी लार्ड कर्जन की हवेली इस साल 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमान झा ने किया है, जो उनकी पहली निर्देशित फिल्म है। इस फिल्म में अर्जुन माथुर, तन्मय धनानिया और परेश पाहुजा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

## विजय वर्मा की गुस्ताख इश्क का पहला गाना उल जलूल इश्क जारी

गुस्ताख इश्क़ कुछ पहले जैसा के टीज़र में इस गीत को मिले जबरदस्त प्यार और तारीफ़ के बाद, मनीष मल्होत्रा ने दर्शकों की माँग को देखते हुए ऊलजलूल इश्क़ को पहले ही रिलीज़ कर दिया है। यह फिल्म उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज5 प्रोडक्शन के तहत बनी पहली सिनेमाई प्रस्तुति है। 21 नवंबर 2025 को रिलीज़ होने वाली यह फिल्म मनीष मल्होत्रा का जुनून और सपना है, जो फ़ैशन से आगे बढ़कर कहानी कहने के उनके नए सफ़र को दर्शाती है। ऊलजलूल इश्क़ मोहब्बत का जश्न है जो पहली मुलाक़ात और पहली मोहब्बत की मासूमियत और यादों को फिर से ताज़ा करता है। इस गीत में फ़ातिमा सना शेख़ और विजय वर्मा की प्यारी और चुलबुली केमिस्ट्री दिखती है, जो दर्शकों को गुस्ताख इश्क़ की दुनिया में झाँकने का मौक़ा देती है। इस गीत को सजाया है बेहतरीन क्रिएटिव टीम ने विशाल भारद्वाज के मधुर संगीत, गुलज़ार के जज़्बाती बोल और आस्कर विजेता रेसुल पुकुट्टी की शानदार साउंड डिज़ाइन ने इसे खास बना दिया है।

## फाइनल: भारत बनाम पाकिस्तान मैच का प्रीव्यू और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी



नईदिल्ली,एशिया कप 2025 का फाइनल मुकाबला भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान के बीच 28 सितंबर (रविवार) को दुबई में खेला जाएगा। एशिया कप के 41 साल के इतिहास में यह पहला मौका है जब दोनों टीमें फाइनल में एक दूसरे के खिलाफ उतरेंगी। सूर्यकुमार यादव की टीम ने सुपर–4 में अपने सभी मुकाबले जीते। वहीं, आघा सलमान की टीम को 2 मैच में जीत और 1 में हार मिली। आइए मुकाबले के प्रीव्यू और महत्वपूर्ण बातों पर नजर डालते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक 15 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 12 मैच में जीत मिली है। पाकिस्तान की टीम सिर्फ 3 मुकाबला अपने नाम कर पाई है। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी 5 टी–20 मुकाबलों में भारतीय टीम ने सभी मैच अपने नाम किए हैं। पाकिस्तान एक भी मुकाबले में जीत दर्ज नहीं कर पाई है।

फाइनल में जसप्रीत बुमराह और शिवम दुबे की वापसी तय है। वहीं, हार्दिक पांड्या चोटिल हैं। अगर वह फाइनल नहीं खेलते हैं तो अर्शदीप सिंह फाइनल मुकाबले में नजर आ सकते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव जो पूरे टूर्नामेंट में लय में नजर नहीं आए हैं। उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी। भारत की संभावित एकादशः शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान),संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह।

पाकिस्तान को लगातार 2 मुकाबलों में जीत मिली है। ऐसे में टीम प्रबंधन प्लेइंग इलेवन में कोई बड़ा बदलाव नहीं करना चाहेगा। टीम के बल्लेबाजों जो अच्छे लय में नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीसी बैठक में पूर्व प्रधानों को बैठने की अनुमति दी जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : प्रधान संगठन कीर्तिनगर के निवर्तमान पदाधिकारियों ने शनिवार को ब्लॉक प्रमुख अंचला खंडेलवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की।

प्रधान संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने पूर्व प्रधानों के साथ केंद्र एवं राज्य वित्त कार्यों के भुगतान और मनरेगा कार्यों की सामग्री भुगतान आदि के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बीडीसी बैठक में सदन की कार्यवाही में पूर्व प्रधानों को सदन दीर्घा में बैठने की अनुमति दिए जाने की मांग की। कुकशाल ने बताया कि प्रमुख खंडेलवाल ने मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस मौके पर सतीश सेमवाल, मीनाक्षी देवी, हीना देवी, शिवानी डोभाल, प्रीति गोदियाल, रश्मि देवी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### छात्र परिषद के अध्यक्ष बनें सूरज रावत

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में छात्र परिषद का निर्विरोध गठन किया गया। कॉलेज में किसी भी पद के लिए नामांकन नहीं हुआ था। सर्व सम्मति से सूरज रावत को अध्यक्ष, अंजली भट्ट को उपाध्यक्ष चुना गया। जबकि देवेंद्र रावत को विवि प्रतिनिधि चुना गया।

प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल और छात्रसंघ चुनाव अधिकारी डॉ. कुमार गौरव जैन ने छात्र संघ परिषद के मनोनीत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव अधिकारी डॉ. कुमार गौरव जैन ने बताया कि समिति और प्राचार्य की अगुवाई में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

जिस पर छात्र परिषद अध्यक्ष पद के लिए सूरज रावत, उपाध्यक्ष अंजली भट्ट, सचिव तनिषा गोदियाल, सह सचिव संजना कंडारी, कोषाध्यक्ष नैना ममगाईं, विवि प्रतिनिधि देवेंद्र रावत को चुना गया।

वहीं आरती, सानिया, सागर सिंह, महावीर नेगी, अंकित सिंह एवं सुमित सिंह कंडारी को सदस्य चुना गया।

### बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर 11 अक्टूबर को

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जनपद चमोली के जनजातीय क्षेत्र में आयोजित होगा बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर। माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार नालसा (जनजातीय अधिकारों का संरक्षण एवं प्रवर्तन) योजना, 2015 के अंतर्गत दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10:30 बजे ग्राम गमशाली के दुम्फूधार में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार ने बताया कि यह शिविर माननीय जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा। शिविर में आम जनमानस को विधिक जानकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उपस्थित लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों तक विधिक साक्षरता पहुंचाना और समाज के प्रत्येक वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

### नैनीडांडा में अभाविप की शिवांगी बनीं अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी की प्रत्याशी शिवांगी ने जीत दर्ज की। 90 मतों में से शिवांगी को 77 वोट मिले। जबकि यूएफएफ की प्रत्याशी समीक्षा को 11 मतों से संतोष करना पड़ा। एक मत नोटा को मिला। चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर प्रज्वल नेगी, सचिव पद पर संगीता, सह सचिव पद पर प्रियांशी, कोषाध्यक्ष पद पर मालती और विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद पर दीपक सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने बताया कि चुनाव परिणाम के बाद सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को शपथ दिलाई गई।

# कोटद्वार महाविद्यालय में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी का कब्जा

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विकास कुमार 666 मत से रहे विजयी

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कब्जा रहा। संगठन के प्रत्याशी विकास कुमार ने 264 मतों से एनएसयूआई की प्रत्याशी अंकिता बेबनी को हराया। वहीं, सचिव पद पर एनएसयूआई का कब्जा रहा।

शनिवार को महाविद्यालय में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सुबह आठ बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ की गई। पंजीकृत 3087 छात्र-छात्राओं में से मात्र 1103 छात्र-छात्राओं ने ही मतदान किया। दोपहर तक मात्र 35 प्रतिशत ही मतदान हुआ। दोपहर तीन बजे से मतगणना शुरु हुई। पांच बजे प्राचार्य डा. डीएस नेगी ने मत परिणामों की घोषणा कर दी। चुनाव में अध्यक्ष पद पर अभाविप के विकास



कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अपने प्रत्याशियों की जीत के बाद जोश में समर्थक

कुमार 666 मत प्राप्त हुए। जबकि, एनएसयूआई की अंकिता बेबनी को 402 मत प्राप्त हुए। विकास को 264 मतों से विजयी प्राप्त हुई। जबकि, सचिव पद पर एनएसयूआई के अनुराग कंडवाल (524) ने अभाविप की पलक (507) को मात्र 17 वोटों से परास्त किया। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर अभाविप के अमित काला (497) ने पारस नेगी (369) को परास्त किया। उपाध्यक्ष पद पर आयुष चमोली, सह सचिव पद पर रितिका राणा व कोषाध्यक्ष पद पर भूमिका जोशी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। मत परिणामों की घोषणा के बाद नगर में विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने विजयी जुलूस निकला।

### भाबर महाविद्यालय में अमन डोबरियाल बनें अध्यक्ष

राजकीय महाविद्यालय भाबर में अमन डोबरियाल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उन्होंने 26 वोटों से आकृति बिष्ट को हराया।

उपाध्यक्ष पद पर प्रियाशु सिंह ने मयंक को 24 वोटो से हराया। सचिव पद पर प्रियांशु केष्टवाल ने 25 वोटों से दियांशु को हराया। कोषाध्यक्ष पद पर त्रिषिका ने कनक को 11 वोटो से हराया। जबकि, सहसचिव पद पर इंदू रानी व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि के पद पर स्मिता नेगी निर्विरोध निर्वाचित हुई।

# स्मार्ट मीटर का विरोध, आंदोलन को तेज करने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्मार्ट मीटर के विरोध में शहर वासियों का धरना जारी है। लोगों ने प्रदेश सरकार व ऊर्जा निगम से स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग उठाई। कहा कि यदि जल्द से जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो लोग आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे।

शनिवार को पार्षद रीता के नेतृत्व में लोगों ने तहसील में धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार जबरन लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगा रही है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद घरों में बिजली का बिल चार गुना पहुंच गया है। स्मार्ट मीटर केवल गरीबों के शोषण के लिए लगाए जा रहे हैं।

कई लोगों का बिजली का बिल दस से 15 हजार रुपये तक पहुंच गया है। मेहनत मजदूरी करने वालों की पूरी कमाई



स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना देते लोग

केवल बिजली का बिल भरने में ही जा रही है। कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब की जेब पर डाका डाल रहा है। ऐसे में सरकार व ऊर्जा निगम को स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराना मीटर ही लगाना चाहिए। इस मौके पर जन अधिकारी मंच के अध्यक्ष आशाराम, परमानंद, जमील अहमद, रामप्रकाश कौशिक, संदीप, ओमप्रकाश, जितेंद्र, मदन सिंह, विक्रम सिंह, हरेंद्र सिंह, फरीदा आदि मौजूद रहे।

# कबड्डी में यमकेश्वर व खिर्सू का दिखा दबदबा




आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सम्मानित करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में बेसिक विद्यालयों की शरद एवं शीतकालीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कबड्डी बालक वर्ग में यमकेश्वर व बालिका वर्ग में खिर्सू की टीम विजेता रही।

शनिवार को दूसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भागवत सिंह नेगी, डा. दीप चंद्र बलूनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राथमिक कबड्डी बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में यमकेश्वर विजेता व पौड़ी उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में खिर्सू ने यमकेश्वर को हराया। सब जूनियर कबड्डी बालक वर्ग फाइनल में यमकेश्वर विजेता व खिर्सू उपविजेता रहा। सब जूनियर खो-खो बालिका वर्ग फाइनल में यमकेश्वर ने द्वारीखाल को शिकस्त दी। इसी वर्ग की बालक प्रतियोगिता में यमकेश्वर ने नैनीडांडा को हराया। प्राथमिक वर्ग की लंबी कूद बालक वर्ग में पौड़ी के सागर, दुगड्डा के शिवकुमार व थलीसैंण के अनिकेत ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर गजेंद्र चौहान, रीमा चौहान, गजेंद्र सुंडली, रंजना नेगी आदि मौजूद रहे।

### समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान समिति ने आमजन को भी सफाई के प्रति जागरूक किया। सेवा पखवाड़ा के तहत मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से नजीबाबाद रोड स्थित कंडारी कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। समिति के क्षेत्रीय आश्रम की प्रभारी भद्रेश्वरी के नेतृत्व में चले स्वच्छता अभियान के तहत जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज व विभु महाराज की प्रेरणा से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। अभियान के दौरान जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। साथ ही मोहल्ले वासियों को भी स्वच्छता का संदेश दिया गया। लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर सुरेश चंद्र भाटिया, प्रमोद बंसल, अवधेश चमोली, पुरुषोत्तम, संजीव, देवेंद्र रमोला, संगीता जोशी, देवेंद्र जोशी, रामशरण, खूब सिंह, राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ईको विकास समितियों को बांटे चेक




रथुवाढाब वन विभाग भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक दिलीप सिंह रावत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडौन की अदनाला रेंज रथुवाढाब में स्थित वन विश्राम भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत ने ईको विकास समितियों को चेक वितरित किए। कहा कि समितियों को वन विभाग के साथ मिलकर बेहतर कार्य में योगदान देना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम में वन अधिकारियों व कर्मियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा. साकेत बडोला ने की। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप सिंह रावत ने कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग, लैंसडौन की ओर से 24 ईको विकास समितियों के विकास कार्यों हेतु उनके प्रतिनिधियों को चेक जारी किए। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा. साकेत बड़ाला ने ईको विकास समितियों के विकास कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के उपरांत क्षेत्र में पौधा रोपण अभियान भी चलाया गया। इस दौरान पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी शिप्रा वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी हरेंद्र रावत, वन क्षेत्राधिकारी अमोल ईष्टवाल आदि मौजूद रहे।

# सतपुली पहुंची पांचवीं पजल धाम जात्रा

### ग्रामीण पत्रकारिता के लिए जगमोहन डांगी को मिला पजल लोक साहित्य सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : हजार ग्राम हजार धाम हमारी भाषा हमारी पछ्याण के तहत आयोजित पांचवीं अष्ट पजल धाम जात्रा शनिवार को सतपुली पहुंची। इस मौके पर ग्रीन पब्लिक स्कूल सतपुली और पौड़ी रोड स्थित एक चौहान लॉज में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण पत्रकारिता के लिए अनवरत रूप उल्लेखनीय कार्य कर रहे ग्रामीण पत्रकार जगमोहन डांगी को कुसुम जगमौरा पजल लोक सहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

काव्य गोष्ठी में गढ़वाली भाषा को संरक्षति रखने के लिए लेखक साहित्यकार और कवियों द्वारा अपनी



प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में लोकभाषा कवि संदीप गढ़वाली की पहली पुस्तक घचाक पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें पंचायत चुनाव और गांव की पंचायत चौक में दाना सैयांणा की कचहरी कै टीवी डिवेड से कम नी को लेकर कविता लिखी गई है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र चौहान ने कहा कि चौहान परिवार हमेशा ही लोक साहित्य, लोक भाषा, गढ़वाली भाषा और सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों के सहयोग में हमेशा ही अग्रणीय रहा है। ग्रीन पब्लिक स्कूल के प्रबधक राकेश डोबरियाल, लेखक साहित्यकार और कवि रोशन लाल, हरीश जुयाल कुटज, संदीप गढ़वाली, राकेश खंतवाल, कमल रावत, सतीश रावत सहित स्थानीय साहित्य प्रेमी ने भी अपनी अपनी कविताओं और व्यवस्थाओं पर व्यंग्यों से खूभ तंज कसे। इससे पहले इंटर कॉलेज बड़खोलू में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक लोकेश वर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोक गायक हेमंत बिष्ट, जीतू मियां राठौर सहित कई ग्रामीण महिलाओं को भी सम्मानित किया।

इस मौके पर इंद्रजीत सिंह रावत, सतीश रावत, सुभाष गुसाई, मनीष खुगशाल स्वतंत्र, लक्ष्मण डुकलाण, कमल रावत आदि मौजूद रहे। कार्यकम संचालन सुशील बुड़ाकोटी ह्लशैलाचलीह्व ने किया।

### नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

श्रीनगर गढ़वाल : दिल्ली जूनियर स्कूल में नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आराधना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में पारंपरिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनामिका भंडारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना का विकास होता है। (एजेंसी)

# छात्रों में मतदान को लेकर दिखा जबरदस्त उत्साह

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में शनिवार को छात्रसंघ चुनाव 2025-26 मतदान को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह दिखा।

सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होने से पहले ही छात्र-छात्राएं परिसर में पहुंचने शुरू हो गए थे। 11 बजे के बाद परिसर में मतदान करने के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ जुट गई, जिससे पुलिस प्रशासन व चुनाव समिति को भी व्यवस्था बनाने के लिए पसीना बहाना पड़ा। इस दौरान नियंता मंडल के सदस्य, पुलिस, पीएसी के जवान परिसर में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी संख्या में तैनात रहे। बिड़ला परिसर के मुख्य गेट पर छात्रों को अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से छूट दी गई थी। परिसर के दूसरे गेट से पहले ही बेरीकैटिंग पर अपना डिजिटल आईडी कार्ड दिखाने पर ही छात्र-छात्राओं को अंदर जाने की अनुमति दी जा रही थी। आईडी कार्ड स्कैन करने के बाद ही छात्र-छात्राओं को मतदान स्थल पर भेजा गया। नियंता मंडल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण बोर्ड और चुनाव संचालन समिति की ओर से मतदान के बाद छात्र-छात्राओं को परिसर से बाहर जाने की अपील भी की जाती रही। इसके लिए प्रशासन परिसर में निगरानी करता दिखाई दिया। मुख्य नियंता प्रो. एससी सती ने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए पूरी व्यवस्थाएं जुटाई गई, जिसमें प्रशासन का पूरा सहयोग मिला है। (एजेंसी)

# छेनागाड़ और उछोला में एक माह बाद पहुंचे छोटे वाहन

रुद्रप्रयाग : आपदा प्रभावित बांगर क्षेत्र के लोगों को एक महीने बाद सड़क खुलने के रूप में बड़ी राहत मिली है। छेनागाड़ तक छोटे वाहनों की आवाजाही होने लगी है, जबकि उछोला और मथ्या गांव भी छोटे वाहन पहुंचने लगे हैं। हालांकि अभी सड़क को और बेहतर करने की जरूरत है। 28 अगस्त को जनपद के बसुकेदार क्षेत्र में आई आपदा से छेनागाड़ कस्बा पूरी तरह तबाह हो गया था। यहां सड़क भी वॉस आउट हो चुकी थी। वहीं उछोला, मथ्या गांव, घंघासू, बांगर, भैडारू, खोड़, बक्सीर, डांगी सहित कई गांवों के लोगों की सम्पर्क सड़कें ध्वस्त हो गई थी। ऐसे में लोगों के सामने एक ओर आपदा का संकट तो दूसरी ओर गांव पहुंच के सभी मार्ग बंद हो गए थे, जिससे वे बीहड़ जंगलों के रास्ते प्रमुख कस्बों तक पहुंच रहे थे। बीते दिन एक बारात भी जंगलों के रास्ते जाने को मजबूर हुई किंतु अब लोक निर्माण विभाग ने छेनागाड़ तक छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी है। लोनिवि रुद्रप्रयाग के ईई इन्द्रजीत बोस ने बताया कि रुद्रप्रयाग और ऊखीमठ लोनिवि डिविजन द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में युद्धस्तर पर कार्य किया गया, जिससे छेनागाड़ तक छोटे वाहनों की आवाजाही होने लगी है। जबकि उछोला, मथ्या गांव और आसपास भी छोटे वाहन पहुंचने लगे हैं जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कम हो गई है।

### वन विभाग पकड़ेगा 1300 बंदर

रुद्रप्रयाग : स्थानीय लोगों द्वारा बंदरों के हमले की घटना से जुड़ी शिकायतें मिलने के बाद वन विभाग ने बंदर पकड़ने की कार्यवाही शुरू कर दी है। रुद्रप्रयाग डिविजन की तीनों रेंजों से वन विभाग मार्च तक कुल 1300 बंदरों को पकड़कर अन्यत्र ले जाने की कार्यवाही करेगा। जिससे लोगों को राहत मिल सके। अभी तक वन विभाग ने 351 बंदरों को पकड़ लिया है। बीते लम्बे समय से रुद्रप्रयाग नगर के साथ ही नगर पालिका के अधिकांश वाडी में बंदरों का आतंक बना है। स्थानीय लोगों पर बार-बार हमले की घटनाएं प्रकाश में आती रही है, जबकि स्कूली बच्चों, महिलाओं को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था।

# स्वास्थ्य शिविर का 150 लोगों ने उठाया लाभ



आयोजित स्वास्थ्य शिविर में भाग लेते लोग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय की ओर से उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर स्थित नजीबाबाद के ग्राम भागूवाला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग जनों ने भाग लिया। साथ ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया।

शनिवार को कुलपति डा. पीएस राणा व फैकल्टी आफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डा. के सरवानन के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही उन्होंने डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, वायरल फीवर सहित अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया। कहा कि बीमारियों से बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना अति आवश्यक है। इस मौके पर विकास कुमार, रविन्द्र कुमार, पिंकी बिष्ट, रक्षंदा धुलिया, अजय कुमार, रीना, शारिक अहमद आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार अवसरों का दायरा और विस्तृत हो गया है :उपनल एमडी

देहरादून। उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जे०एन०एस० बिष्ट (से.नि.) ने विभागीय मंत्री गणेश जोशी को एक बैठक के दौरान अवगत कराया कि पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार अवसरों का दायरा और विस्तृत हो गया है। उन्होंने बताया कि डीजीआर (डायरेक्टोरेट जनरल रीसैटलमेंट) द्वारा चार राज्यों झ्र मणिपुर, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और दिल्ली में अतिरिक्त कॉन्ट्रैक्ट स्वीकृत किए गए हैं। ब्रिगेडियर बिष्ट ने जानकारी दी कि इन कॉन्ट्रैक्ट्स से पूर्व सैनिकों को अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे और उनकी आजीविका को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उपनल लगातार यह सुनिश्चित करने के प्रयास में है कि राज्य और देशभर में अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूर्व सैनिकों के हित में एक सराहनीय कदम है, जिससे उन्हें बेहतर भविष्य और सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता मिलेगी।

# अजय रावत बनें छात्र संघ अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। छात्र संघ अध्यक्ष पद पर अजय रावत को निर्वाचित किया गया। नवनिवार्चित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। शनिवार को छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह बना हुआ था। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित किये गये। अध्यक्ष पद अजय रावत, उपाध्यक्ष पद पर राहुल सिंह, सचिव पद पर रमेश सिंह, सहसचिव पद पर हेमा, कोषाध्यक्ष पद पर दीपा रावत, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर करन नेगी विजयी रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने छात्रा सिया और मोनिका, पवेत्री, क्रीड़ा से मानसी, राष्ट्रीय सेवा योजना




से संगीता, सांस्कृतिक परिषद से पूनम को सदस्य के रूप में नामित कर शपथ दिलाई। प्राचार्य ने छात्र संघ कार्यकारिणी से छात्रों तथा महाविद्यालय के हित में मिलकर काम करने का आवाह्न किया। प्रभारी निर्वाचन छात्र संघ डॉ. विकास प्रताप सिंह ने चुनाव में सहयोग के लिए सभी पुलिस प्रशासन एवं महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सह प्रभारी डॉ. छाया सिंह, डॉ. विवेक रावत सहित समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जानवर के काटने पर जरूर लगवाएं एआरवी

### रेबीज से बचाव व उपाय विषय पर आयोजित क्विज में सागर रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में 'विश्व रेबीज सप्ताह' के तहत आयोजित कार्यक्रम में रेबीज से बचाव के लिए जानवरों के काटने पर एंटी रेबीज टीकाकरण करवाने सहित रेबीज नियंत्रण के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर रेबीज कारण व बचाव विषय पर आयोजित क्विज में सागर ने बाजी मारी। वहीं, विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा जानवरों से बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी एहतियात बरतने का परामर्श दिया गया। कहा गया कि प्रायः देखा जाता है कि बच्चे कुत्ते या पालतू जानवर के साथ खेलते हैं और खेल-खेल में कुत्ते बच्चों को काट देते हैं। कहा कि बच्चों को कुत्ते के व्यवहार व शारीरिक भाषा के बारे में शिक्षित करें। बच्चों को समझाएं कि सोते या भोजन करते जानवर को न छेड़े और जानवर के बच्चों को भी न छेड़े। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश के निर्देशन में अगस्त्यमुनि ब्लाक के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज मयकोटी में रेबीज जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऐपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन ने बताया कि रेबीज से बचाव इसके प्रबंधन और टीकाकरण के प्रति जनजागरूकता के लिए हर वर्ष 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। बताया कि रेबीज एक विषाणु जनित रोग है, कुत्ते, बिल्ली, बंदर आदि जानवरों के काटने या खरोचने से रेबीज संक्रमण होता है, इसके लक्षण दिखने में काफी समय लग जाता है और देर होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है, लेकिन यदि समय रहते इसके प्रति सचेत हो चाएं तो रोकथाम संभव है। उन्होंने कहा कि कुत्ता या अन्य जानवर के काटने पर घरेलू उपचार न करें, घाव को साबुन और बहते साफ पानी से 10 से 15 मिनट तक अच्छी तरह से धोने, घाव को खुला छोड़ने व घाव पर टांके न लगाएं व तुरंत नजदीकी क्लीनिक या स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डाक्टर की सलाह के अनुसार एंटी रेबीज का टीका लगवाने व रेबीज टीकाकरण का पूरा कोर्स सुनिश्चित करें। कहा कि सरकारी चिकित्सालय मे रेबीज का टीका निःशुल्क उपलब्ध है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय स्टेट बैंक कोटद्वार के खाता संख्या 10568462057 में मेरा नाम दीपाली रावत (DEEPALI RAWAT) दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दीपा देवी (ऊएएढअ ऊश्क) है। दीपाली रावत एवं दीपा देवी ये दोनों नाम एक ही महिला के नाम है।

**दीपा देवी पत्नी श्री सूरज पाल सिंह**
**निवासी ग्राम ग्रास्टनगंज, सनेह,**
**तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल,**
**उत्तराखण्ड।**
(1263/21)

## संक्षिप्त समाचार

### षड्यंत्रकारी ताकतों से बचें युवा : सुरेश भट्ट

हल्द्वानी। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार नकल माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है। शनिवार को प्रेस को जारी एक बयान में भट्ट ने युवाओं से अपील की है कि वे आंदोलन की आड़ में भटकाने वाली षड्यंत्रकारी ताकतों से दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि स्नातक स्तरीय परीक्षा नकल प्रकरण की जांच एसटीएफ गंभीरता और संवेदनशीलता से कर रही है। अब तक सेक्टर मजिस्ट्रेट, असिस्टेंट प्रोफेसर और पुलिसकर्मी निलंबित किए जा चुके हैं, जबकि नकल गिरोह से जुड़े खालिद और साबिया की गिरफ्तारी हो चुकी है। भट्ट ने बताया कि हाईकोर्ट के रिटायर न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार ने चार साल में 26,025 युवाओं को सरकारी नौकरी दी है, जबकि पिछले नौ मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल में सिर्फ 11,528 नियुक्तियां हुईं। जल्द ही 10 हजार से अधिक पदों पर विज्ञप्ति जारी होगी।

### सात सहकारिता सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी। विकास भवन सभागार में शनिवार को ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत यूएसआरएलएम द्वारा गठित सात सहकारिता सदस्यों व कार्मिकों को लेखा वित्तीय प्रबंधन और व्यापार नियोजन पर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधन अतुल चमोली ने व्यवसाय रणनीति के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर हरीश तिवारी ने क्षमता विकास गतिविधियों के बारे में बताया। सहायक परियोजना प्रबंधक अवनीश पांडे ने एफपीओ प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। यहां भास्कर जोशी, दीपा टम्टा, निशा, रेखा, गीता नेगी, दीपा बिष्ट, प्रभा आदि मौजूद रहे।

### निगम ने अभियान चलाकर एक ट्राली सामान जब्त किया

हल्द्वानी। नगर निगम की टीम ने ईदगाह के पास से सिंधी चौराहे तक फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। निगम की टीम पहुंचते ही सड़क पर सामान रखकर बेच रहे व्यापारियों में भगदड़ मच गई। टीम ने सड़क से एक ट्रॉली सामान जब्त किया। अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान शुरू हो गया है। शनिवार को बाजार में सड़क पर सामान लेकर बेच रहे कारोबारियों के खिलाफ निगम ने कार्रवाई की। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि मौके पर अतिक्रमण और अवैध रूप से लगाए जाने वाले ठेलों पर कार्रवाई की गई है।

### नगरकोट के थानाध्यक्ष बनाए जाने पर कपकोट में विरोध शुरू

बागेश्वर। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी की कपकोट थाने में दोबारा नियुक्ति को लेकर लोगों में आक्रोश है। व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन सहित कई ग्राम प्रधानों ने उनका विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने शीघ्र उन्हें वापस भेजने की मांग की है। शनिवार को व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष तारा कपकोटी ने कहा कि थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी के पिछले कार्यकाल में व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ। उनसे दुर्व्यहार किया गया। लिखित तथा मौखिक शिकायत के बाद वह यहां से भेजे गए। व्यापारी वर्ग उनके कार्यकाल से परेशान रहेगा। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष विवेक कोरंगा ने कहा कि टैक्सी चालकों तथा मालिकों सभी ने उत्पीड़न, गलत चलानी कार्रवाई तथा बेवजह गाड़ी सीज करने की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

### जिलाधिकारी ने किया कोषागार का भौतिक सत्यापन

बागेश्वर। सोमवार को जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कोषागार का अर्द्धवार्षिक भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने कोषागार के दो तालक में रखी बहुमूल्य सामग्री, वस्तुओं से संबंधित अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया।

वस्तुओं से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों, जैसे पैडलाक पंजिका, स्टाम्प पंजिका सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिए कि कोषागार में रखी गई सामग्रियों से संबंधित अभिलेखों तथा रिकार्डों को व्यवस्थित तरीके से रखें। उन्होंने कोषागार के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया। कोषागार कर्मियों को वित्तीय अनुशासन बनाए रखने तथा भविष्य में किसी भी वित्तीय अनियमितता को रोकने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

### अपर जिलाधिकारी ने ली जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिला गंगा संरक्षण योजना के अंतर्गत शनिवार को जिलाधिकारी कार्यालय गोपेश्वर में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा संरक्षण से जुड़े कार्यों जैसे नदी तटों की स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज ट्रीटमेंट, प्रदूषण नियंत्रण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरों से निकलने वाले नालों को सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) मानकों के अनुरूप स्थान चिन्हित कर प्रभावी कार्य करें। उन्होंने नगर निकायों को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सूखा और गीला कचरा अलग-अलग निस्तारण करने के निर्देश दिए।


साथ ही जल संस्थान को एनजीटी मानकों के अनुरूप सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालित करने और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बायोमेडिकल वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने को कहा। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे गोविन्द बुटोला ने अवगत कराया कि 1 अप्रैल से 22 सितम्बर 2025 तक नगर निकायों द्वारा प्लास्टिक एवं अन्य जीव अनाशित कचरा अधिनियम-2013 के अंतर्गत 282 चालान कर 1,07,700 का अर्थदंड वसूला गया। इसी अवधि में एंटी-लिटरिंग एवं एंटी-स्पिटिंग एक्ट के तहत 535 चालान कर 1,67,300 का अर्थदंड वसूल किया गया। साथ ही प्लास्टिक कम्पैक्ट मशीन से तैयार सामग्री के विक्रय से नगर निकायों ने 9,15,341.75 की आय अर्जित की।

### धूमधाम से मनाई महाराज अग्रसेन की जयंती

विकासनगर। वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से शनिवार को महाराज अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सनातन धर्म मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा की ओर से अलग—अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वैश्य अग्रवाल सभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, राज्यमंत्री कुलदीप कुमार व पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात ने दीप जलाकर किया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना और गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। वैश्य लेडीज क्लब की महिलाओं ने माता दुर्गा पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सभा की ओर से सिविल जज सोनाक्षी सिंघल, स्वाति गोयल व वैज्ञानिक अनुसंधान में कार्यरत कनिका गर्ग को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अनिल गोयल ने कहा कि महाराज अग्रसेन सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, रोहित अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, संजय गुप्ता, चंदन लाल अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, रोहित गुप्ता, राजेश अग्रवाल, नवनीत गर्ग, अंकुर अग्रवाल, अरुण मित्तल, सुरेन्द्र मित्तल, शुभम गर्ग, लक्ष्मी चंद गुप्ता, वंदना गुप्ता, सुषमा, स्वाति, गौरी, रेखा अग्रवाल, मनोज अग्रवाल व अनु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## माँ भगवती के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की



विकासनगर। शारदीय नवरात्र के तहत शनिवार को माता के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा—अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि मांगी। श्रद्धालु तड़के ही मंदिर पहुंचने लगे। काली माता मंदिर अस्पताल रोड में भीड़ अधिक होने से श्रद्धालु कतार में रहकर मुख्य द्वार तक पहुंचे। दुर्गा स्तुति व मां शेरावाली के जयकारों के बीच मैया का दर्शन किया। सिर झुका कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। भीड़ अधिक होने से लोगों को दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने जोत प्रज्वलित कर माता का अभिषेक किया। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पैन्यूली ने श्रद्धालुओं को बताया कि स्कंदमाता को कार्तिकेय की माता के रूप में जाना जाता है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजमान हैं। वे कमल के आसन पर विराजती हैं। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा से भक्तों को अद्भुत शक्ति की प्राप्ति होती है और संकट दूर होते हैं। बताया कि कार्तिकेय को देवताओं का सेनापति माना जाता है। इन्हीं का एक नाम स्कंद भी है। माता को अपने पुत्र स्कंद से अत्यधिक प्रेम है। जब धरती पर राक्षसों का अत्याचार बढ़ता है तो माता अपने भक्तों की रक्षा के लिए सिंह पर सवार होकर दुष्टों का नाश करती हैं। स्कंदमाता को अपना नाम अपने पुत्र के साथ जोड़ना बहुत अच्छा लगता है। इन्हें स्नेह और ममता की देवी माना जाता है। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा कर केले का भोग लगाया।

## कांग्रेस ने की निर्वाचन आयुक्त की बर्खास्तगी की मांग

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से मांग की है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील शर्मा को तत्काल पद से बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोग पर की गई कठोर टिप्पणी और दो लाख रुपये का अर्थदंड कांग्रेस के आरोपों की पुष्टि करता है। पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचन आयोग की भूमिका पक्षपातपूर्ण रही। आयोग ने पंचायत राज अधिनियम के उस नियम के विरुद्ध आदेश पारित किए, जिसमें एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में नाम दर्ज होने वाले लोगों को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित किया गया है। इस पर उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश की अवमानना करते हुए आयोग ने अपील की, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आयोग की अपील को न केवल खारिज किया, बल्कि उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। इससे स्पष्ट हो गया है कि आयोग का रुख संविधान और न्यायालय की अवमानना करने वाला था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि आयोग के अधिवक्ता बार—बार अपील पर सुनवाई की मांग कर रहे थे, जिससे आयोग की हठधर्मिता और कानून के प्रति लापरवाह रवैया उजागर होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में राज्य निर्वाचन आयुक्त को एक पल भी अपने पद पर बने रहने का नैतिक और कानूनी अधिकार नहीं है।

### परीक्षा आयोजन के पैटर्न में बदलाव की मांग उठाई

देहरादून। उत्तराखंड समानता पार्टी ने प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए परीक्षा आयोजन के पैटर्न में बदलाव की मांग उठाई है। समूह ग की परीक्षाओं को प्रदेश स्तर पर कराने की बजाए जिला या उससे निचले स्तर पर कराने का सुझाव दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे ज्ञापन में समानता पार्टी के अध्यक्ष डॉ वीके बहुगुणा ने कहा कि राज्य में लगातार हो रहे भर्ती घोटालों को देखते हुए समूह ग और घ के पदों की भर्तियों का विकेंद्रीकरण किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोगों को समाप्त कर जिला और तहसील स्तर पर परीक्षाओं का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के विकेंद्रीकरण से नकल माफिया के लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि समूह ख स्तर की परीक्षाओं का आयोजन राज्य लोक सेवा आयोग से कराया जाए और अन्य परीक्षाओं को अधीनस्थ आयोगों की बजाए जिला स्तर पर कराया जाना चाहिए। बहुगुणा ने कहा कि परीक्षाओं के पेपर लीक से युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है और इसे रोकने के लिए कड़े और कारगर कदम उठाए जाने चाहिए।

## शहीदों के योगदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहें



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जनपद चमोली के विकासखण्ड थराली के ग्राम सुनला में शनिवार को शहीद सम्मान यात्रा 2.0 के क्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विग कमांडर चन्द्र शेखर आजाद गुप्ता द्वारा शहीद के घर-आंगन की पवित्र मिट्टी ताम्र कलश में संग्रहित की गई। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने सभी से शहीदों के योगदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन स्नो लेपर्ड में शहीद हुए नायब सूबेदार उमेद सिंह (14 गढ़वाल राइफल) को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद के परिजनों तथा उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीद के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात वीर माता-पिता के करकमलों से शहीद के घर-आंगन की पवित्र मिट्टी ताम्र कलश में संग्रहित की गई। बता दें कि उत्तराखंड में 22 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक शहीद सम्मान यात्रा-2.0 आयोजित की जा रही है। इसके बाद 05 अक्टूबर को जनपद पौड़ी के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर में शहीद सम्मान समारोह होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन शहीदों के घरों से आंगन की मिट्टी एकत्र करना है, जिनकी मिट्टी 2021 की यात्रा में नहीं ली जा सकी थी, साथ ही 2021 के बाद शहीद हुए सैनिकों को भी सम्मानित करना है। इस अवसर पर सैनिक कल्याण कार्यकर्ता कुंवर सिंह, ब्लॉक प्रतिनिधि थराली राजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपनल कर्मचारियों के नियमित होने तक नई नियुक्तियों पर लगे रोक

देहरादून। उपनल कर्मचारी महासंघ ने सरकार पर नियमितिकरण में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया है। महासंघ ने शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर कहा कि जब तक कोर्ट के आदेश के अनुसार उपनल कर्मचारियों का नियमितिकरण नहीं हो जाता, तब तक नई नियुक्तियों नहीं की जानी चाहिए। साथ ही उपनल कर्मचारियों के पदों को फ्रिज किया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल ने कहा कि पिछले साल हाईकोर्ट ने उपनल कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश दिए थे। 15 अक्तूबर को इस आदेश को एक साल पूरे हो जाएंगे, जिस पर सरकार अमल नहीं कर सकी है। इसलिए 22 हजार उपनल कर्मचारी 15 अक्तूबर को कैंडल मार्च निकालेंगे। साथ ही राज्य स्थापना दिवस तक नियमितकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है तो 10 नवंबर से बेमियादी हड़ताल शुरू कर देंगे। न्यायालय में उपनल कर्मचारियों की लड़ाई लड़ रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी पंत ने कहा कि कोर्ट की अवमानना से बचने के लिए नियमितिकरण के लिए न सिर्फ एक नई कमेटी बना दी जा रही है, बल्कि हर विभाग की अलग—अलग पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सरकारी बजट खपाया जा रहा है। महासंघ प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद ने कहा कि कोर्ट के आदेशों और मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद उद्योग, ईएसआई, दून मेडिकल कॉलेज समेत कई विभागों में उपनल कर्मचारियों को बेवजह हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उपनल कर्मचारी नियमित नहीं हो जाते, तब तक उनके पद फ्रिज कर दिए जाने चाहिए और इन पदों पर नई नियुक्तियां नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई विभागों में उपनल कर्मचारियों को हटाकर आउटसोर्स एजेंसी से नए कर्मचारी भी भर्ती किए जा रहे हैं, जो गलत है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप चौहान विजय शर्मा, मीना रौथाण, पीएम बोरा, महेश भट्ट, मोहन रावत समेत अन्य मौजूद रहे। घोषणा पर कर चुके सम्मान पर नहीं हुआ अमल उपनल महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाने की घोषणा की थी।

### इंटर कॉलेज धैना और गरुड़ के लिए धनराशि स्वीकृत

बागेश्वर। प्रदेश सरकार ने बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के दो इंटर कॉलेजों के लिए धनराशि स्वीकृत की है। इस राशि से स्कूल की मरम्मत होगी। कलस्टर विद्यालय योजना के तहत स्कूलों की कायाकल्प होगी। प्रथम किस्त के रूप में धनराशि भी मिल गई है। बागेश्वर की विधायक पार्वती दास ने बताया कि शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने उनकी विधानसभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2025—26 कलस्टर विद्यालय योजनान्तर्गत अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज धैना के निर्माण, मरम्मत कार्य हेतु 86.10 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। इसके सापेक्ष प्रथम क़िस्त के रूप में 51.66 स्वीकृत हुए हैं। इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज गरुड़ के निर्माण, मरमम्त कार्य हेतु 138.90 लाख की धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 83.34 धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

## आपदा प्रभावितों को मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था करे सरकार: कांग्रेस



देहरादून। कांग्रेस ने दून में आपदा व अतिवृष्टि में मृतक एवं लापता व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल मुआवजा और पुनर्वास की मांग उठाई है। उन्होंने दुकानदारों और कारोबारियों के लिए आर्थिक राहत पैकेज देने की मांग की है। कांग्रेस ने इस संबंध में प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल को ज्ञापन सौंपा है। देहरादून में आई भीषण बारिश और बादल फटने से हुए नुकसान और प्रभावित परिवारों की समस्याओं को लेकर पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून प्रभारी मंत्री से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि 15—16 सितंबर को हुई आपदा में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 से अधिक लोग लापता हैं।

सहस्त्रधारा, मालदेवता, मजाड़ा और विकासनगर क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि कई घर, दुकानें, होटल और पुल बह गए, जिससे सैकड़ों लोग बेघर हो गए और व्यवसायी आर्थिक संकट झेल रहे हैं। कहा कि प्रभावित परिवारों को भोजन, पानी, वस्त्र और अस्थायी आवास की सुविधा दी जाए। पूर्व विधायक राजकुमार ने एमडीडीए कॉलोनी, चंदर रोड पर सुरक्षा जाल लगाने और मुआवजा तथा सफाई व्यवस्था को लेकर मुद्दा उठाया। उन्होंने बिंदल और रिस्पना नदी में सुरक्षा जाल लगाने की भी मांग की। लालचंद शर्मा ने कहा कि बाधित सड़क, पुल, बिजली और पानी की आपूर्ति शीघ्र बहाल की जाए। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर और काउंसलिंग की व्यवस्था की जाए। भविष्य में आपदा प्रबंधन के लिए ठोस योजना बनाई जानी चाहिए। लालचंद शर्मा ने कहा कि सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ितों तक राहत और मुआवजा शीघ्र पहुंचाना चाहिए, ताकि प्रभावित लोग अपने जीवन को पुनः व्यवस्थित कर सकें। उन्होंने वार्ड नंबर 32 में बंदरों की बढ़ती समस्या से निजात दिलाने को बंदर बाड़े लगाने की भी मांग उठाई।

## पीडीएनए टीम ने किया देहरादून के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण



देहरादून। देहरादून जनपद में मानसून सीजन के दौरान अतिवृष्टि और प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान का आकलन और आपदा—पश्चात आवश्यकता मूल्यांकन हेतु भारत और राज्य सरकार की पीडीएनए टीम ने विभागों के नोडल अधिकारियों से क्षति की जानकारी लेते हुए आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान विशेषज्ञों ने पीडीएनए की प्रक्रिया, इसके महत्व एवं कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी।

अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को पीडीएनए टीम ने वन विभाग के मंथन सभागार में सभी विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की और देहरादून जिले में आपदा से हुई क्षति के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीडीएनए टीम द्वारा क्षति और नुकसान का समग्र आंकलन कर पुनर्प्राप्ति के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजा जाएगा। इसमें ढांचागत नुकसान के साथ आजीविका पर पडे प्रभाव को भी शामिल किया जाएगा। विशेषज्ञों ने कहा कि पीडीएनए के अंतर्गत आपदा प्रभावित क्षेत्रों में क्षति का आंकलन, पुनर्निर्माण की आवश्यकताएं, सामाजिक—आर्थिक प्रभाव तथा दीर्घकालिक पुनर्वास योजनाओं को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट तैयार की जानी है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीडीएनए केवल एक तकनीकी प्रक्रिया न होकर, एक समग्र और सहभागी प्रक्रिया है, जिसमें सभी संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विभागों को सामाजिक क्षेत्र, आर्थिक क्षेत्र और इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में हुए परिसंपत्तियों की क्षति, नुकसान और उसका पुनर्निर्माण हेतु पीडीएनए मानकों के अनुसार निर्धारित फॉर्मेट में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक के बाद पीडीएनए टीम ने सहस्त्रधारा, कार्लीगाड, मज्याडा, मालदेवता, कुमाल्डा आदि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आपदा से हुई क्षति का निरीक्षण भी किया।

### बागजाला में अनिश्चितकालीन धरने का 41 वां दिन

हल्द्वानी। बागजाला के लोगों को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला में 41वें दिन भी जारी रहा। शनिवार को धरने के दौरान ग्रामीणों ने कहा जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होगी उनका धरना जारी रहेगा। यहां डॉ. कैलाश पाण्डेय, डॉ.उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, चन्दन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, तस्लीम अंसारी, गणेश राम, गोस्वामी, हेमा आर्य, हरक सिंह बिष्ट, मो़ परवेज, विमला पाण्डे, दुर्गा देवी, कौशल्या, पार्वती, भोला सिंह, दीपा, हीरा देवी, हेमा आर्य, दौलत सिंह, मंजू सिंह, गीता देवी, राधिका, हरीश, सरोज आदि शामिल रहे।

## आईआईटी रुड़की ने नए अतिभारी तत्व आइसोटोप एसजी—257 की खोज में दिया योगदान

रुड़की। एक उल्लेखनीय वैश्विक वैज्ञानिक सफलता में शोधकर्ताओं ने एक नए अतिभारी समस्थानिक, सीबोर्गियम—257 ( —257) की खोज की है, जिसने परमाणु भौतिकी एवं ब्रह्मांड की हमारी समझ की सीमाओं को और आगे बढ़ाया है। यह अग्रणी प्रयोग जर्मनी के डार्मस्टाट स्थित जीएसआई हेल्महोल्ट्ज़ सेंटर फॉर हैवी आयन रिसर्च में किया गया, जिसमें आईआईटी रुड़की के भौतिकी विभाग के प्रो. एम. मैती का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्य प्रतिष्ठित जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित हुआ है। शक्तिशाली त्वरक और अत्याधुनिक संसूचन तकनीकों का उपयोग करते हुए, टीम ने एसजी—257, एक ऐसा अतिभारी तत्व जो प्रकृति में नहीं पाया जाता, का सफलतापूर्वक संश्लेषण किया। यह खोज इस मूलभूत प्रश्न का उत्तर देने में सहायता करती है कि परमाणु स्थिरता की सीमाओं पर कैसे व्यवहार करते हैं, और "स्थिरता के द्वीप" की वैज्ञानिक तलाश में प्रत्यक्ष योगदान देती है—जो परमाणु परिदृश्य का एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ अतिभारी तत्व लंबे समय तक टिक सकते हैं और संभावित उपयोगिता रख सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय शोध दल के सदस्य प्रो. एम. मैती ने कहा, "यह खोज परमाणु भौतिकी में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# डीएम बसंल की अध्यक्षता में हुई सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। डीएम ने टाइमबार्ड करते हुए प्रकरण को 2 दिन के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए।डीएम ने कहा सीएम हेल्पलाईन मायने मेरी,हम सब अफसरों की विभागों की हेल्पलाईन, कहा किोई व्यथित, व्याकुल, परेशान जनमन हेल्पलाईन की ओर रूख करने वाला होगा यह सोच दिमाग में रख संवेदनशीलता रखें सभी अधिकारी कार्मिक। जिलाधिकारी ने विभागों की कई शिकायते लम्बित रहने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम ने विभागों को 02 दिन के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए। डीएम ने एक—एक विभाग की पेंडिंग, टाइम बार्ड शिकायतें खुलवा—खुलवा के देखी।जिलाधिकारी ने की सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई प्रणाली राज्य सरकार की प्राथमिकता में है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर जो शिकायतें लम्बे समय से लम्बित दिखा रहा है, उन्हें 2 दिन के भीतर निस्तारित करें।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे निस्तारित शिकायतों की फीडबैक कॉल्स की रिपोर्ट भी देखें और संतुष्टिपूर्ण निस्तारण की पुष्टि करें। डीएम ने निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतें जो बार—बार प्राप्त हो रही हैं, उन पर विशेष ध्यान देकर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों को केवल औपचारिकता न मानकर गंभीरता से लें और निर्धारित समयावधि के भीतर कार्रवाई कर समाधान करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि किसी शिकायत का समयबद्ध निस्तारण नहीं होता है तो संबंधित विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण की जानकारी सीधे पोर्टल पर दर्ज करें और संतुष्टि फीडबैक पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने सभी विभागों से लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने को कहा तथा प्रत्येक माह प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com